एक नजर में

विधायक ने छात्रावास का किया निरीक्षण

मुलताई। शासकीय सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, प्रभात पट्टन का शुक्रवार को विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान छात्रावास की समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने एवं छात्रावास में छात्राओं के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए विधायक देशमुख ने छात्रावास अधीक्षिका सुमन यादव को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने छात्रावास की व्यवस्थाओं एवं अधीक्षिका द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।इस दौरान सुभाष देशमुख,राजेश पाठक, कीर्ति यादव, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा अशोक पासे, राजू संत,भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़ तहसीलदार यशवंत गिन्नारे, थाना प्रभारी विकास पटेल एवं पालक गण उपस्थित रहे।

पुलिस ने महुआ लहान किया नष्ट

मुलताई। थाना क्षेत्र अंतर्गत मासोद चौकी के जंगलों में अवैध रूप से महुआ की कच्ची शराब बनाकर बेचने वालों का गोरखधंधा जमकर जारी है. मासोद चौकी पुलिस की घटना की जानकारी लगातार मिलने पर दबिश दी जा रही थी।चौकी क्षेत्र में स्थित ग्राम रोहना के आसपास पुलिस ने अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों पर छापेमारी की। इस दौरान करीब 5 हजार लीटर लहान नष्ट किया गया, जिसकी कीमत करीब 2 लाख रुपए से ज्यादा बताई जा रही है।उक्त कार्रवाई में एसआई दिनेश कुमरे, आरक्षक कमलेश डेहरिया और हेड कांस्टेबल हाकम सहित पुलिस टीम सराहनीय भूमिका रही।

तेज आवाज में बज रहा था डीजे, केस दर्ज

मुलताई। नगर के थाना परिसर में फोन दिन पहले हुई शांति समिति की बैठक में डीजे बजाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ था। प्रशासन द्वारा डीजे बजाने को लेकर प्रतिबंध लगाया है। मां दुर्गा उत्सव के पूर्व नगर में गुरुवार रात 10 से सा? 10 बजे के बीच रेल्वे स्टेशन रोड रामनगर क्षेत्र में तेज आवाज में वाहन क्रमांक एमपी 48 जेडजी 4582 पर डीजे के निर्धारित संख्या से ज्यादा बॉक्स रखकर गाने बजाया जा रहा था, जिससे आम जनता को असुविधा होकर मानव जीवन के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पडा। पुलिस द्वारा गश्त के दौरान डीजे संचालक के खिलाफ मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत आरोपी डीजे संचालक केस दर्ज किया है।

आज होगा सामूहिक श्राद्ध-तर्पण

बैतूल। सर्वपितृ अमावस्या के अवसर पर रानीपुर रोड स्थित चिखलार आश्रम में 10 अक्टूबर को सुबह 7.30 बजे से सामूहिक श्राद्ध एवं तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शास्त्रोक्त विधि से श्राद्ध-तर्पण कराया जाएगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे सामूहिक भोजन होगा। समिति संरक्षक राजेश मदान ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीयन अनिवार्य है। श्राद्धकर्म की सामग्री आश्रम में उपलब्ध कराई जाएगी। श्राद्धकर्ता को स्टील की एक परात, एक डोंगा, दो कटोरी, दो चम्मच और एक तांबे का लोटा साथ लाना होगा। आयोजकों ने प्रतिभागियों से समय का ध्यान रखने और यथासंभव श्वेत वस्त्र पहनकर आने की अपील की है।

जिले में बनेगे 48 आंगनवाड़ी भवन, खर्च होंगे 4 .08 करोड़

नवभारत न्यूज

बैतूल, 9 अक्टूबर. महिला एवं बाल विकास विभाग ने 163 आंगनबाड़ी भवनों को जर्जर घोषित करने का प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी को भेजा है, जिसमें से करीब आधा सैकड़ा भवनों को पीडब्ल्यूडी ने निरीक्षण के बाद डिसमेंटल के लिए अनुमोदन कर दिया है।

163 केन्द्रों को जर्जर घोषित करने का प्रस्ताव

करीब 50 भवन डिसमेंटल के लिए स्वीकृत

हैरानी की बात यह है कि इनमें कई भवनों की उम्र महज 15 से 20 वर्ष है। इतने कम समय में ही यह भवन जर्जर हो गये है। इन भवनों की हालत खराब है। कहीं भवन टूटकर जमीदोंज होने का डर हैं, तो कहीं पर बारिश के पानी के रिसाव के कारण बच्चों का केंद्र में बैठना मुश्किल है। इन सब समस्याओं के बीच नौनिहाल सुविधा विहीन इन भवनों में पहुंचते हैं। बता दे कि जिले में 2,348 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें बड़ी संख्या में भवनों में नियमित रखरखाव का अभाव सामने आ रहा है। बारिश में छतों से पानी टपकना, सीपेज, टूटे छज्जे और खराब स्थिति वाले भवन इस बात के संकेत हैं कि निर्माण के बाद इनके रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। अब 168 भवनों को जर्जर घोषित करने की प्रक्रिया के बीच सिर्फ नए निर्माण पर ध्यान देने के बजाए पुराने भवनों की गुणवत्ता, निर्माण की जिम्मेदारी और उसकी निगरानी की पड़ताल जरूरी हो गई है।

जिले में 48 नये आंगनबाड़ी भवनों को मंजूरी : सरकार जिले के 48 नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण पर 4 करोड़ 8 लाख 96 हजार रुपए खर्च करने जा रही है। जिले में 48 नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण को मंजूरी मिली है। प्रत्येक भवन की लागत 11.22 लाख रुपए निर्धारित की गई है। इनमें आठनेर में 2, घोड़ाडोंगरी में 9, चिचोली में 1, प्रभातपट्टन में 1, भीमपुर में 3, भैंसदेही में 3 और शाहपुर में 3 भवन शामिल बताए गए हैं। प्रत्येक भवन के लिए पहली किश्त के रूप में 8.52 लाख रुपए जारी किए गए हैं, जबकि दूसरी किश्त 2.70 लाख रुपए की होगी। ऐसे में नए भवनों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने की जरूरत है। यदि गुणवत्ता की निगरानी प्रभावी नहीं रही तो कुछ वर्षों बाद इन्हीं भवनों की मरम्मत या डिसमेंटल के लिए फिर सरकारी राशि खर्च करनी पड़ सकती है। आठनेर ब्लॉक में जर्जर घोषित भवनों की स्थिति पुराने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करती है।

> पूर्व में आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराया गया था। इस वजह से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हुई होगी। वैसे जो नए भवन स्वीकृत हुए हैं उनकी मॉनिटरिंग के लिए निर्देश जारी होंगे।
>
> – **ब्रजेश वर्मा,** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, बैतूल

गोद लेने के बाद भी नहीं सुधरे हालात

जिले में कुछ समय पहले आंगनबाडियों को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने गोद लिया था। उद्देश्य था कि केंद्रों की व्यवस्थाओं में सुधार हो, लेकिन कई जगह गोद लेने की प्रक्रिया सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई। गोद लेने के बाद भी आंगनबाडि?ों की न तो स्थिति में सुधार आया और न ही पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हो सकी। कई आंगनबाडियों की हातल तो ऐसी है कि कई महीनों और सालों से उनका रंगरोगन तक नहीं हुआ है। आंगनबाड़ी का फर्श उखड़ चुका है। दीवारों का कलर उतर गया है। आंगनबाड़ी की दीवारों का प्लास्टर झड़ रहा है। लेकिन उनकी न तो मरम्मत हुई और न ही देखरेख करने वाला कोई है। सिर्फ कागजी और मौखिक शिकायते ही हो रही है, लेकिन सुधार नहीं हो रहा है। जिससे यह भवन अब जर्जर हालत में दिखाई देने लगे है।

बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की जिम्मेदारी

बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी केंद्रों पर है। यहां 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को कुपोषण से बचाने के लिए पौष्टिक आहार और गर्म पका हुआ भोजन प्रदान किया जाता है। 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए खेल-खेल में अनौपचारिक शिक्षा दी जाती है। बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित जाँच, टीकाकरण और अन्य स्वास्थ्य सेवाएँ स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दी जाती हैं। गंभीर रूप से कुपोषित, बीमार बच्चों या आपातकालीन स्थिति में गर्भवती महिलाओं को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल भेजा जाता है। माताओं को उचित खान-पान, साफ-सफाई, बच्चों की देखभाल और स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है।

बैतूल में 500 मीटर लंबी धम्म ध्वज के साथ निकलेगी चीवर दान यात्रा

बैतूल। पंचशील बुद्ध विहार, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर भवन, सदर बाजार में तीन माह से जारी वर्षावास का समापन 25 अक्टूबर को कठिन चीवर दान और विशाल धम्म यात्रा के साथ होगा। तीन दिवसीय धम्म महोत्सव 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इसमें बैतूल जिले सहित अन्य स्थानों से लगभग 1200 श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन का मुख्य आकर्षण रातभर चलने वाला कठिन चीवर निर्माण और 500 मीटर लंबी धम्म ध्वज के साथ निकलने वाली आधा किलोमीटर लंबी यात्रा होगी। आयोजन की

जानकारी वर्षावास समिति और भिक्षु संघ ने शुक्रवार 9 अक्टूबर को पत्रकार वार्ता में दी। पत्रकार वार्ता में पूज्य भदन्त विनय रक्खिता महाथेरो, अध्यक्ष, अलोक ट्रस्ट नागपुर एवं विपश्यना आचार्य, पूज्य भदन्त धम्मप्रकाश संबोधि (चंद्रपुर) तथा भदन्त शासन रक्खिता उपस्थित रहे। पूज्य भंते विनय रक्खिता महाथेरो की अध्यक्षता में हुई पत्रकार वार्ता में भिक्षु संघ ने कहा कि भगवान बुद्ध की देशना किसी जाति, धर्म या वर्ग विशेष तक सीमित नहीं है। धम्म संपूर्ण मानवता के कल्याण और जीवन को बेहतर बनाने का मार्ग है। जिस प्रकार विज्ञान के आविष्कारों का लाभ बिना भेदभाव के सभी को मिलता है, उसी प्रकार धम्म भी मानव जीवन के उत्थान का माध्यम है। भिक्षु संघ ने कहा कि जीवन में शील, समाधि और प्रज्ञा का विशेष महत्व है। वाणी और कर्म से किसी को चोट नहीं पहुंचाना शील है, मन पर नियंत्रण स्थापित करना समाधि और कार्य-कारण को समझकर विवेकपूर्ण निर्णय लेना प्रज्ञा है। पंचशील का पालन व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है। इससे परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है।

प्लास्टिक का प्रयोग हर लिहाज से हानिकारक

बैतूल। वर्तमान में प्लास्टिक के बहुत ज्यादा उपयोग से पर्यावरण प्रभावित हो रहा है बल्कि बीमारियां भी बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा प्लास्टिक मुक्त जागरूकता अभियान के तहत व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए इसके उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं

भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष खातरकर ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक के उपयोग से मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण न केवल मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे समुद्री जीव-जंतुओं और पक्षियों के जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर प्रो. निधिश कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर प्रशासन सख्त

बैतूल। घरेलू गैस उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने और एलपीजी गैस का उचित वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन बैतूल ने घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध पहल की है। मैरिज हॉल, लॉन, गार्डन एवं कैटरिंग प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की सूचना मिलने पर कलेक्टर कार्यालय की आपूर्ति शाखा ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अनुरूप गैस वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नियमों के पालन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस संबंध में ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा जनहित के इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया था। इसके बाद कार्यालय कलेक्टर, आपूर्ति शाखा, जिला बैतूल ने संबंधित अधिकारियों को घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध आपूर्ति पर रोक लगाने और मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीएमएचओ ने अस्पताल का किया निरीक्षण

मुलताई। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शर्मा ने 8 अक्टूबर की शाम नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने औषधि वितरण कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, पुरुष वार्ड, टीकाकरण कक्ष, स्टोर रूम, एक्स-रे कक्ष, पैथोलॉजी लेब का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एनआरसी कक्ष में एएनएम बबली उइके एफडी अनुपस्थित पायी गई। एनआरसी का रिकॉर्ड अव्यवस्थित पाये जाने एवं अन्य अनियमितता पाए जाने पर एएनएम अर्चना ठाकुर एवं श्रीमती बबली उइके एफडी का 10 दिन का वेतन काटे जाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने

के निर्देश दिये एवं भविष्य में पुनरावृति किए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए । एनआरसी कक्ष में भर्ती बच्चों के पालक से चर्चा कर मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। प्रभारी सीएमएचओ ने लैब निरीक्षण के दौरान लैब को शाम 4 बजे तक खुला रख जांच करने के निर्देश दिये गये। फायर सेफ्टी एक्सपायर पाये जाने पर तत्काल हटाकर नये फायर सेफ्टी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। औषधि भंडार कक्ष में व्यवस्थित रूप से रखरखाव के निर्देश दिये।

जेएच कॉलेज में महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता पर व्याख्यान

बैतूल। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जयवंती हाक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल के अंग्रेजी विभाग में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। मुख्य वक्ता डॉ. निहारिका भावसार, सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र ने संतुलित एवं पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद, मासिक धर्म स्वास्थ्य, नियमित श्वसन अभ्यास और ध्यान के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए अपने स्वास्थ्य और आवश्यकताओं को प्राथमिकता देना जरूरी है। योग एवं प्राणायाम से शारीरिक ऊर्जा और मानसिक संतुलन बनाए रखने पर भी जोर दिया। व्याख्यान में महिला सुरक्षा, आत्मविश्वास, व्यक्तिगत सीमाओं के सम्मान और जरूरत पड़ने पर अपनी आवाज उठाने के महत्व पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता लेने और सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।

रामलीला मंच का मंत्रोच्चार से पूजन संपन्न

नवभारत, बैतूल। गंज स्थित रामलीला मैदान में 69 वें रामलीला महोत्सव के शुभारंभ से एक दिन पूर्व रामलीला के मंच का गुरुवार को प्रात: 11 बजे पंडित वेदप्रकाश शर्मा द्वारा समाज के वरिष्ठ हरबंशलाल आहूजा के कर कमलों से पूजन करवाया गया। श्री कृष्ण पंजाब सेवा समिति बैतूल के मीडिया प्रभारी राजेश मदान ने बताया कि पंडित वेद प्रकाश शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से श्री गणेश पूजन, दुर्गा पूजन, नवग्रह पूजन करके सामाजिक बंधुओं से आरती करवाई गई। अब 10 अक्टूबर को ध्वज पूजन के साथ 12 दिवसीय भव्य श्री

रामलीला एवं दशहरा महोत्सव का शुभारंभ हो जायेगा।जिसकी जोर शोर से तैयारियां भी शुरू हो चुकी है। वहीं गुरुवार को श्री गणेश रामलीला मंडल, मऊगंज रीवा के कलाकार बैतूल पहुंच चुके है। मंच पूजन के मौके पर पंजाबी समाज के अध्यक्ष दीपक खुराना के अलावा समाज के वरिष्ठ हरबंशलाल आहूजा, ब्रजलाल कपूर, गुलशन कपूर, अशोक मदान, अमीर झाम, प्रमोद खुराना, दीपक कपूर, नरेंद्र अरोरा, राजेश मदान, दीपक सलूजा सहित कई सामाजिक बंधु एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

जल की हर बूंद सहेजने के संकल्प के साथ बोरी बंधान

आठनेर। जल ही जीवन का आधार है और इसकी हर बूंद को सहेजना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम आष्टी में 60 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। इस पहल का उद्देश्य वर्षा जल को बहकर व्यर्थ जाने से रोकना, भूजल स्तर बढ़ाना और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता लाना है। कार्यक्रम के बाद देश की सेवा में तैनात ग्राम के सैनिक दीपक धुर्वे के पिता सायबू धुर्वे का सम्मान भी किया गया। विकासखंड

समन्वयक मधु चौहान ने बताया कि वर्षा जल का संचयन जल संकट से निपटने और ग्रामीण क्षेत्रों को जल के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सरल एवं प्रभावी पहल है। इसी उद्देश्य से जनभागीदारी और स्थानीय सहयोग के माध्यम से गांवों में बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जन अभियान परिषद के निर्देशन में नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आष्टी एवं ग्राम पंचायत आष्टी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम की नदी पर 60 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। इस अवसर पर प्रस्फुटन समिति आष्टी के सचिव उमेश कुमरे ने कहा कि जल संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि वर्तमान समय की आवश्यकता है। जल ही जीवन का आधार है और इसका संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी है। यदि आज हम वर्षा जल को सहेजने के प्रति सजग नहीं हुए तो आने वाले समय में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

प्रतियोगिता 15 अक्टूबर को नर्मदापुरम में संभाग स्तरीय मुकाबला

जिला स्तरीय कालिदास समारोह में मुलताई के विद्यार्थियों का रहा दबदबा

बैतूल। महाकवि कालिदास की कालजयी रचनाओं, भारतीय सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से 8 अक्टूबर को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल में जिला स्तरीय कालिदास समारोह 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में श्लोक वाचन, नृत्य नाटिका और चित्रांकन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 15 अक्टूबर को नर्मदापुरम में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। संस्कृत भाषा

के विकास और महाकवि कालिदास की साहित्यिक-सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष उज्जैन में राज्य स्तरीय कालिदास समारोह आयोजित किया जाता है। इस वर्ष राज्य स्तरीय समारोह 27 से 29 नवंबर 2026 तक आयोजित होगा। इसी क्रम में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विकासखंडों से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया। चित्रांकन प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में गुरुकुल विद्या मंदिर मुलताई के हर्ष देउलकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महतपुर, विकासखंड मुलताई के चेतन बावने प्रथम रहे। नृत्य नाटिका प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में गुरुकुल विद्या मंदिर मुलताई की डिम्पल खन्ना एवं साथी प्रथम स्थान पर रहे, जबकि वरिष्ठ वर्ग में सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसदेही की षबनम बामने एवं साथी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्लोक वाचन प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में पी.एम.श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुलताई की प्रियांषी गिन्नारे ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल के यूवराज सिंह चौहान प्रथम रहे। इन सभी प्रतिभागियों को अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ोरा के प्राचार्य दिलीप कुमार दाबड़े ने कहा कि कालिदास समारोह स्कूली विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत और कला से जोड़ने का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रभावी मंच है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, साहित्य और परंपराओं को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य सत्येन्द्र उदयपुरे ने कहा कि यह समारोह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पढ़ाई के साथ कला और संस्कृति को शिक्षा में एकीकृत करने का कार्य करता है।

सांदीपनि में एआई पर आधारित नाटिका प्रथम

बैतूल। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव और उसके संतुलित उपयोग का संदेश देने वाली सांदीपनि शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैतूल बाजार की नाटिका एआई की कहानी, लाभ या हानि ने जिला स्तरीय विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एमएलबी, बैतूल में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के छह विकासखंडों की टीमों ने हिस्सा लिया। नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों ने बताया कि एआई मानव जीवन को बेहतर और सुविधाजनक बनाने में मददगार साबित हो सकता है, लेकिन उस पर पूरी तरह निर्भर होना उचित नहीं है। एआई को अपना मालिक बनाने के बजाय एक साधन के रूप में

इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि तकनीक का लाभ लेते हुए मानवीय विवेक और क्षमताओं को भी बनाए रखा जा सके। नाटिका में विद्यालय के आठ विद्यार्थियों ने प्रभावशाली अभिनय कर प्रस्तुति को जीवंत बनाया। इनमें कक्षा 10वीं की नेहा राठौर, गुनेश्वरी पंड्या, ऋषिका गंगारे और यशी धोटे, कक्षा 9वीं की तनुश्री बनकर, ऋषिका गाडगे और मीनाक्षी इवनाती तथा कक्षा 8वीं के अभिनव प्रधान शामिल रहे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद विजेता टीम 14 अक्टूबर को आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में बैतूल जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। नाटिका की तैयारी और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मालवी सहित दिलीप पटेल, सविता महाले और कु. खुशबू साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।